
आज़ादी का
अमृत महोत्सव



# साप्ताहिक
# सूचना पत्र

(दिनांक 05.12.2023 से 09.12.2023)



भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा

# रामलीला मंचन करने वाले कलाकार को सम्मानित करना

(दिनांक 05.12.2023)

प्रभाव : माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज जिला **कुरुक्षेत्र पुरुषोत्तपुरा बाग में आयोजित कार्यक्रम में 325 से अधिक रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों व कलाकारों को सम्मानित** करते हुए कहा कि गरीब परिवारों के बुजुर्गों को तीर्थ स्थलों के भ्रमण के लिए विशेष रूप से मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना चलाई जा रही है, जिसके तहत बीपीएल परिवार के 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के लोग तीर्थ स्थलों का मुफ्त भ्रमण कर सकेंगे। इसी कड़ी में आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने इस योजना के पोर्टल का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि **22 जनवरी के बाद अयोध्या के लिए पहला जत्था रवाना होगा।** इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने



श्रीराम भक्तों को नशा मुक्त प्रहरी बनने का आह्वान करते हुए कहा कि वे अपने रंगमंच के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश दें। उन्होंने कहा कि ऐसी सामाजिक बुराईयों से लड़ने के लिए समाज में आप जैसे लोगों का सहयोग आवश्यक है। नशे को जड़ से खत्म करने के लिए जनजागरण के साथ–साथ जो लोग नशे की लत में फंस चुके हैं, उनका नशामुक्ति केंद्रों के माध्यम पुनर्वास कर समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है। इस पुतिन कार्य में आप जैसे लोग नशा मुक्त प्रहरी बन कर महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ड्रग्स के सप्लायर या इस काम में संलिप्त लोगों पर रोक लगाने के लिए कानूनी कार्रवाई सरकार द्वारा की जा रही है।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि श्री राम केवल शब्द नहीं, बल्कि इसमें इतनी शक्ति है कि पत्थर के ऊपर राम लिखने से वो पानी में डूबता नहीं है। मर्यादापुरुषोत्म श्री राम की लीलाओं का मंचन रामलीलाओं द्वारा किया जाता है,



लेकिन असल मायने में आप सभी ने कल्पना भी नहीं की होगी कि आप कितना बड़ा काम कर रहे हैं। समाज के लोगों को संस्कारित करना, अपनी संस्कृति के साथ जोड़े रखना, उनके जीवन को कैसे सुधारा जाए और जीवन में कोई बुराई न आये, इस दिशा में इस प्रकार के कलाकार बहुत बड़ी भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि लंबे समय के संघर्ष के बाद आज अयोध्या में श्री राम मंदिर का निर्माण हो रहा है, यह हर देशवासी के लिए गर्व की बात है। **22 जनवरी, 2024 को माननीय प्रधानमंत्री जी भव्य श्री राम मंदिर का उद्घाटन करेंगे, उस दिन दूसरी दिवाली मनाई जाएगी।**

# प्रेस वार्ता को संबोधित करना

(दिनांक 05.12.2023)

प्रभाव : माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज यहां आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार भारत के संविधान को शासकीय व्यवस्था की गीता कहा जाता है, उसी प्रकार वे स्वयं मानते हैं कि **गीता जीवन के पथ प्रदर्शन के नियमों के नाते से एक संविधान है।** उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति की क्रीड़ा स्थली और श्रीमद्भगवद्गीता की जन्मस्थली धर्मक्षेत्र–कुरुक्षेत्र की पावन भूमि पर एक बार फिर अध्यात्म, संस्कृति एवं कला का दिव्य संगम देखने को मिलेगा। 7 दिसंबर से 24 दिसंबर तक अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव–2023 का भव्य आयोजन किया जाएगा, जिसमें श्रीमद्भगवद्गीता का शास्वत संदेश दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बार **अन्तर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में असम सहयोगी राज्य की भूमिका में रहेगा।** पुरुषोत्तमपुरा बाग, ब्रह्म सरोवर पर असम सरकार द्वारा पैवेलियन लगाया जा रहा है जिसमें उसकी संस्कृति, शिल्प, खान–पान इत्यादि से



सम्बन्धित स्टाल आकर्षण का केन्द्र रहेंगे। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी ने वर्ष 2014 में कुरुक्षेत्र आगमन के दौरान कहा था कि कुरुक्षेत्र को गीता स्थली के रूप में पहचान दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। माननीय प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन के बाद से हरियाणा सरकार द्वारा गीता महोत्सव को कुरुक्षेत्र में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर वर्ष 2016 से मनाया जा रहा है। वर्ष 2024 में अमेरिका में भी इस महोत्सव के आयोजन का निमंत्रण मिला है।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि **हम सबके लिए गौरव का क्षण होगा जब देश के उप राष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ 17 दिसम्बर को ब्रह्म सरोवर पर गीता यज्ञ एवं पूजन से इस महोत्सव का विधिवत शुभारम्भ करेंगे।** इसके पश्चात् वे इसी दिन कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय गीता संगोष्ठी का शुभारम्भ भी करेंगे। माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि धीरे दृधीरे अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव मेला आर्थिक दृष्टि से सेल्फ–फाइनेंस की दिशा में बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि कुंभ मेले की तर्ज पर अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के लिए अलग से मेला ऑथोरिटी बनाई जाएगी, जो अपने स्तर पर इसका आयोजन करेगी।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने सभी प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि 23 दिसंबर गीता जयंती के दिन सभी नागरिक प्रातः 11 बजे एक मिनट तक एक साथ गीता पाठ करें। इस दौरान 3 श्लोक का पाठ होगा। **सभी नागरिक अपने घर या कार्यस्थल पर इस गीता पाठ के साथ जुड़ कर गीता के 3 श्लोक का पाठ करें।** इसके लिए जियो गीता ऐप के माध्यम से जुड़ सकते हैं। माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि कुरुक्षेत्र के पावन ब्रहासरोवर के तट पर 7 दिसम्बर को शिल्प एवं सरस मेले से अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव शुरु होगा। इसमें लोगों को एक बार फिर से राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकारों एवं शिल्पकारों का संगम

# साप्ताहिक सूचना पत्र

देखने का अवसर मिलेगा। **महोत्सव में हरियाणा के लोकनृत्य, शिल्प, लघुउद्योग, खान–पान इत्यादि से सम्बन्धित हरियाणा पैवेलियन लगेगा, जिससे महोत्सव में आने वाले पर्यटक एवं तीर्थयात्री हरियाणा की संस्कृति से रूबरू हो सकेंगे।** हरियाणा के विकास एवं उन्नति विषयक प्रदर्शनियां भी विभिन्न विभागों द्वारा इस अवसर पर लगाई जा रही हैं, जिससे लोगों को सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं और क्षेत्र विशेष में हुए विकास की जानकारी मिलेगी।

उन्होंने कहा कि **22 और 23 दिसंबर को 2 दिन हर जिले में गीता उत्सव के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।** उन्होंने कहा कि 7 दिसम्बर से 24 दिसम्बर, 2023 तक ब्रह्म सरोवर के पावन तट पर भजन संध्या और उसके पश्चात भव्य गीता आरती का आयोजन किया जाएगा। यह आरती देश के अन्य तीर्थों पर संध्याकाल को होने वाली भव्य आरती के ही समान है। निश्चय ही इस आरती के आयोजन से कुरुक्षेत्र के तीर्थयात्रा पर्यटन को नए आयाम मिलेंगे। **उन्होंने कहा कि 22 दिसम्बर को महोत्सव के दौरान पुरुषोत्तमपुरा बाग में सन्त सम्मेलन का आयोजन होगा, जिसमें देश के प्रख्यात सन्त मिलकर गीता एवं अध्यात्म विषय पर चर्चा करेंगे।** सन्तों का यह मिलन इस समारोह की गरिमा को एक नया स्वरूप प्रदान करेगा।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने आगे बताया कि 23 दिसम्बर को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में 48 कोस कुरुक्षेत्र के तीर्थों पर एक सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, **जिसमें कुरुक्षेत्र भूमि के 164 तीर्थ समितियों के प्रतिनिधि भाग लेंगे।** तीर्थ प्रतिनिधि अपने तीर्थ की मिट्टी एवं जल भी लेकर आएंगे जिससे बाद में भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा बनाई जाएगी। **गीता जयन्ती के दिन 23 दिसम्बर को कुरुक्षेत्र में 18,000 विद्यार्थियों द्वारा वैश्विक गीता पाठ किया जाएगा।**

# साप्ताहिक सूचना पत्र

धर्मक्षेत्र–कुरुक्षेत्र के सभी 164 तीर्थों पर गीता जयंती के दिन 23 दिसम्बर को दीपोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं के लिए 7 से 24 दिसम्बर तक फन फेयर व एयरो स्पर्पोटस का आयोजन किया जाएगा। **17 दिसम्बर से 24 दिसम्बर तक विद्यार्थियों के लिए रंगोली, क्ले मॉडलिंग, सांझी, पॉट डेकोरेशन, फेंसी ड्रेस, झांकी एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।**

उन्होंने कहा कि इस महोत्सव के अवसर पर इस वर्ष 26 नवम्बर से ऑनलाईन गीता प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता चल रही है जो 6 दिसम्बर तक चलेगी। इसमें विद्यार्थियों सहित अनेक श्रद्धालु भाग ले रहे हैं। इस ऑनलाईन प्रतियोगिता में 70 हजार से अधिक नागरिकों ने अपना पंजीकरण करवाया है।

इस अवसर पर स्वामी ज्ञानानंद जी




महाराज ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने लगभग 5160 वर्ष पूर्व कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर समूची मानवता के लिए गीता का संदेश दिया था। यह समस्त प्राणी के लिए चिंतन का ग्रंथ है। आज के समय में विश्व में युद्ध व अशांति का वातावरण है, ऐसे समय में गीता की प्रासंगिकता कहीं अधिक है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल के प्रयासों से वर्ष 2016 से गीता जयंती को अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है, जिससे कुरुक्षेत्र को महाभारत की धरती के साथ–साथ अब गीता की जन्मस्थली के रूप में भी जाना जाता है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवादः से आ रहे सकारात्मक बदलाव

(दिनांक 06.12.2023)

प्रभाव : **माननीय मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा शोषित, वंचित और जरूरतमंदों के कल्याण और उत्थान के लिए चलाई जा रही योजनाओं का लाभार्थियों को सीधा लाभ मिल रहा है।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के साथ–साथ अब हरियाणा में माननीय मुख्यमंत्री जी की गारंटी भी दी जा रही है कि अब किसी पात्र लाभार्थी का हक कोई नहीं छीन सकता।

इसके साथ ही किसी कारणवश योजनाओं का लाभ लेने से छूट गए नागरिकों को केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ देने के उद्देश्य से शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा को भी माननीय मुख्यमंत्री जी ने जनसंवाद के साथ जोड़ कर एक नई इबारत लिखने का काम किया है।

एक ओर जहां विकसित भारत संकल्प



यात्रा के दौरान नागरिकों को योजनाओं का लाभ मौके पर ही प्रदान किया जा रहा है तो वहीं जनसंवाद के माध्यम से लोगों की शिकायतों व समस्याओं का भी त्वरित समाधान किया जा रहा है।

माननीय मुख्यमंत्री जी के इस अथक प्रयास को लोग भी सराह रहे हैं, इसी का परिणाम है कि **छठे दिन भी हरियाणा में 113 ग्राम पंचायतों/वार्डों में जब यह यात्रा पहुंची, तो विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में लगभग 54 हजार लोगों ने भागीदारी**

# साप्ताहिक सूचना पत्र

**सुनिश्चित की** और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की संकल्प शपथ भी ली।

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामया के सिद्धांत पर चलते हुए राज्य सरकार प्रदेश के नागरिकों के स्वास्थ्य देखभाल सुनिश्चित करते हुए उन्हें बेहतर चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध करवा रही है। **इस यात्रा के दौरान भी लोगों के स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। छठे दिन 1120 हेल्थ कैंपों में लगभग साढ़े 13 हजार लोगों का हेल्थ चौकअप किया गया और लगभग 8200 लोगों की टीबी की जांच की गई,** ताकि माननीय मुख्यमंत्री जी के स्वस्थ हरियाणा के विज़न को साकार किया जा सके। इसके अलावा, लगभग 300 लाभार्थियों को आयुष्मान योजना के तहत आयुष्मान कार्ड भी वितरित किए गए।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा रेहड़ी–फड़ी वाले विक्रेताओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दृष्टि से शुरू की गई पीएम स्वनिधि योजना का लाभ हरियाणा में भी भरपूर लाभ उठा रहे हैं। **संकल्प यात्रा के दौरान लगातार पीएम स्वनिधि कैंप लगाकर ऐसे विक्रेताओं को योजना की पूरी जानकारी दी जा रही है, ताकि वे इस योजना का लाभ उठाकर स्वावलंबी बन सकें।** छठे दिन भी लगभग 400 विक्रेताओं को योजना की जानकारी दी गई और आगे भी बैंकों के माध्यम से ऋण प्रदान की आगामी कार्रवाई की जाएगी।

जहां लोगों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जा रही है, वहीं उल्लेखनीय कार्य करने वाले छात्रों व अन्य लोगों को सम्मानित भी किया जा रहा है, ताकि भारत निर्माण में उनके योगदान को सार्थक बनाया जा सके।

इसी कड़ी में छठे दिन भी लगभग 1000 से अधिक मेधावी छात्रों, सेवा भाव से सामाजिक कार्य करने वाली लगभग 550 महिलाओं, लगभग 150 स्थानीय खिलाड़ियों और लगभग 100 से अधिक लोक कलाकारों को सम्मानित किया गया।

# रोहतक में एलिवेटेड रेलवे ट्रैक के साथ नई सड़क निर्माण को मंजूरी

(दिनांक 06.12.2023)

प्रभाव : माननीय मुख्यमंत्री जी ने हरियाणा में कनेक्टिविटी और ढांचागत विकास को बढ़ावा देने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए **रोहतक जिले में 315 करोड़ रुपये की लागत से बनाई गई एलिवेटेड रेलवे ट्रैक के साथ–साथ एक नई सड़क के निर्माण के लिए 21.27 करोड़ रुपये की प्रशासनिक मंजूरी** दी है। यह 3790 मीटर लंबाई और 5.5 मीटर चौड़ाई वाली महत्वाकांक्षी परियोजना 9 महीने में पूरी हो जाएगी और रोहतक के निवासियों के लिए निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि यह **परियोजना आर्थिक विकास को बढ़ावा देने, कनेक्टिविटी बढ़ाने और रोहतक जिले के निवासियों के लिए जीवन की समग्र गुणवत्ता को बढ़ाने में इसकी अहम् भूमिका रहेगी।**



# सशस्त्र सेना झंडा दिवस

(दिनांक 07.12.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने **सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर जल, थल और नभ के शूरवीरों को नमन करते हुए कहा कि सैनिक विभिन्न विपरीत परिस्थितियों में अपने अजेय पराक्रम से देश की सीमाओं को सुरक्षित रखने के प्रति सदैव तत्पर** रहता है।

हम सभी देश पर प्राण न्यौछावर करने वाले योद्धाओं के प्रति कृतज्ञ हैं। माननीय मुख्यमंत्री जी ने **अपने निवास स्थान संत कबीर कुटीर पर राज्य सैनिक एवं अर्द्धसैनिक कल्याण विभाग के अधिकारियों के माध्यम से सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में अंशदान** दिया।

उन्होंने सभी लोगों से आह्वान किया कि वे सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में





उदारता से योगदान दें, ताकि इस योगदान से जो सैनिक देश सेवा करते हुए शहीद हो जाते हैं या शारीरिक रूप से अशक्त हो जाते हैं, उन बहादुर सैनिकों के आश्रितों के पुनर्वास और कल्याण में सहयोग हो सके। माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर अंशदान देकर गर्व की अनुभूति होती है।

उन्होंने जवानों के अदम्य साहस व शौर्य को नमन करते हुए कहा कि हरियाणा में सैनिकों की वीरता व बलिदान की परंपरा रही है। **आजादी से पहले व आजादी के बाद, हरियाणा के रणबांकुरों ने देश की रक्षा के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया है। कारगिल युद्ध में जिस प्रकार से हमारे वीर जवानों ने विपरीत परिस्थितियों में वीरता का परिचय देते हुए घुसपैठियों को सीमा पार खदेड़ा, उससे पूरे विश्व ने भारतीय सेना का लोहा माना।**

हरियाणा सरकार पूर्व सैनिकों, शहीदों के आश्रितों के कल्याण के प्रति वचनबद्ध है व उनके उत्थान के लिए निरंतर प्रयासरत है।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## अंतरराष्ट्रीय भ्रष्टाचार विरोधी दिवस

(दिनांक 09.12.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने हरियाणा भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा अंतरराष्ट्रीय भ्रष्टाचार विरोधी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि **भ्रष्टाचार का सबसे अधिक प्रभाव गरीब व्यक्ति पर पड़ता है। भ्रष्टाचारी गरीब व्यक्ति का हक मारकर स्वयं को समाज में प्रतिष्ठित दिखाने का कार्य करते हैं।** इसलिए हमें समाज के साथ संबंध जोड़कर समाज सेवा का दायित्व निभाना चाहिए और भ्रष्टाचार को पूर्ण रूप से खत्म करने का प्रयास करना चाहिए। **भ्रष्टाचार से दूर रहकर देश व प्रदेश को आगे बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए।** इस अवसर पर प्रदेश के **9 जिलों के 25 स्थानों पर, जहां मिशन कर्मयोगी की ट्रेनिंग दी जा**





**रही है, वहां पर भी अधिकारी व कर्मचारी ऑनलाइन इस कार्यक्रम से जुड़े।** इस मौके पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने प्रदेश में भ्रष्टाचार रोकने में सराहनीय कार्य करने वाले 16 अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित किया।

माननीय मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरी दुनिया में भ्रष्टाचार विषय पर आज के दिन चर्चा हो रही है। **भ्रष्टाचार किसी देश व प्रदेश तक ही सीमित नहीं है, बल्कि पूरी दुनिया में कम या ज्यादा मिलता है। उन्होंने कहा कि आर्थिक, नैतिक और चारित्रिक भ्रष्टाचार से मुक्ति पाना जरूरी है।** उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचारी देश व समाज को खोखला करने का काम कर रहे हैं। **भ्रष्टाचार एक तरह का कैंसर है, जिसके घातक परिणाम होते हैं। इसके अलावा चारित्रिक भ्रष्टाचार की सोच वाले व्यक्ति समाज में अपनी लोकलाज बढ़ाने के लिए भ्रष्टाचार करते हैं।**

उन्होंने कहा कि सरकार ने भर्तियों में पारदर्शिता रखी और किसी भी आवेदक के साथ भेदभाव नहीं किया। **मेरिट के आधार पर ही नौकरियां दी गई, जिसकी बदौलत गरीब के बच्चे का नौकरी पाने का सपना पूरा हुआ है।** सरकार ने मिशन कर्मयोगी कार्यक्रम चलाया है, इसके तहत प्रदेश के तीन लाख से अधिक कर्मचारियों को कर्मयोगी बनने की प्रेरणा दी जा रही है। इसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि इस कर्मयोगी कार्यक्रम के माध्यम से




कर्मचारियों व अधिकारियों में नैतिकता के प्रति जागरूक, सचेत और प्रेरित किया जा रहा है ताकि राज्य को **भ्रष्टाचार रूपी कैंसर से निजात दिलाने में अहम भूमिका निभाई जा सके।** हिपा के माध्यम से चलाए जा रहे इस कर्मयोगी मिशन कार्यक्रम के तहत राज्य स्तर पर 967 मास्टर ट्रेनर तैयार किए गए जो नियमित रूप से कर्मचारियों एवं अधिकारियों को सेवा के दौरान नैतिकता, कर्तव्यपरायणता एवं दायित्वों के प्रति जागरूक करेंगे। इस प्रशिक्षण को वे न केवल अपने सामाजिक जीवन में आत्मसात करेंगे बल्कि भविष्य में युवाओं के लिए भी प्रेरणा स्रोत बनेंगे। माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि इस कर्मयोगी मिशन के तहत फील्ड में 8622 कर्मचारियों व अधिकारियों को नैतिकता एवं दायित्व के प्रति प्रशिक्षित किया जा चुका है। **अम्बाला, भिवानी, फरीदाबाद में प्रशिक्षण लगभग पूरा किया जा चुका है और 12 जिलों में प्रशिक्षण कार्यक्रम चल रहा है। यह पारदर्शी,**

# साप्ताहिक सूचना पत्र

**जिम्मेवार और जवाबदेही प्रशासन बनाने की दिशा में अहम कार्य है जो राज्य को बेहतर सुशासन की ओर लेकर जाएगा।** उन्होनें कहा कि ईमानदार व्यक्तित्व का आत्मबल मजबूत होता है। इसलिए भ्रष्टाचार को रोकने के लिए सामाजिक चेतना की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण उपरांत सभी कर्मचारी और अधिकारी समाज के प्रति अपने दायित्व को भली भांति निभाएंगे और भ्रष्टाचार रूपी कलंक का उन्मूलन करने में अवश्य कामयाब होंगे।

इस दौरान कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी ने भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए व्यवस्था परिवर्तन का कार्य किया है। उन्होंने ऑटो अपील सिस्टम का उदाहरण देते हुए कहा कि प्रदेश में तकनीक का इस्तेमाल करते हुए भ्रष्टाचार नियंत्रित करने की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए। इतना



ही नहीं, एंटी करप्शन ब्यूरो में भी रैंक के अंतर को समाप्त करते हुए प्रक्रियात्मक परिवर्तन का कार्य किया गया। ब्यूरो का पुनर्गठन करते हुए रीजनल एंटी करप्शन ब्यूरो स्थापित किए गए। भ्रष्टाचार उन्मूलन के कार्य में पारदर्शिता व निष्पक्षता को ध्यान में रखते हुए चीफ विजिलेंस अफसरों की तैनाती की गई।

# संडे गार्जियन अख़बार का विमोचन

(दिनांक 09.12.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री ने चंडीगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में बोल हुए कहा कि समाज में मीडिया जगत का बड़ा योगदान सदैव रहा है। आजादी से पहले ही प्रेस की अहम भूमिका रही है। आज सूचना प्रौद्योगिकी के युग में क्षण भर में समाचारों का आदान–प्रदान हो जाता है फिर भी एक संवाददाता को तथ्यों की पुष्टि किये बिना अपना समाचार जारी नहीं करना चाहिए। उन्होंने इंग्लिश समाचार पत्र संडे गार्जियन के चंडीगढ़ एडिशन को भी लॉन्च किया। माननीय मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 9 वर्षों में मिशन मेरिट के आधार पर हमने 1 लाख 10 हज़ार सरकारी नौकरियां दी हैं, जिसकी चर्चा आज हरियाणा के घर–घर में हो रही है। पहले की सरकारों में नौकरियों के नाम पर रिश्वत चलती थी। हमने न केवल पर्ची–खर्ची के खेल को ख़त्म किया है बल्कि सरकारी नौकरियों की भर्ती के लिए पेपर लीक करने वाले गैंग



को भी पकड़ा है।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में सत्ता संभालते ही उन्होंने ष्हरियाणा एक–हरियाणवी एकष् का नारा दिया था और जातिवाद, भाई–भतीजावाद व क्षेत्रवाद खत्म करने पर जोर दिया था जो कि अब काफी हद तक धरातल पर नजर आ रहा है।

मुख्यमंत्री जन संवाद कार्यक्रम में न केवल भाजपा के समर्थक बल्कि दूसरी विपक्षी पार्टियों के कार्यकर्ता भी उनको सुनने के लिए आ रहे है और अपनी शिकायतें भी उन तक पहुंचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जन संवाद कार्यक्रमों में मिले आवेदनों के एक–एक शब्द पर वे स्वयं संज्ञान लेते हैं और सीएमओ में गठित विशेष टीम फरियादी को सूचित करती है कि उनकी शिकायत का समाधान किस स्तर पर चल रहा है।

माननीय मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा निवेशकों के लिए एक सफल गंतव्य बन गया है। आज न केवल देश के बल्कि विश्व भर के निवेशकों का रुझान




हरियाणा की ओर है। ऑनलाइन पोर्टल के जरिये हर किसी को सरकार की योजनाओं की जानकारी व एक ही छत्त के नीचे सब सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही हैं।


विपक्ष के लोग हमारी सरकार को पोर्टल की सरकार कहते हैं। परन्तु मुझे गर्व है कि पोर्टल के जरिये लोगों को घर बैठे सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है और अब उन्हें सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने पड़ते।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## ऑडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न सेवाओं के लाभार्थियों से सीधा संवाद

(दिनांक 09.12.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि **वर्तमान राज्य सरकार ने भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन देने और सर्विस डिलीवरी को सरल व सुगम करने के लिए ऐसा सिस्टम बनाया है,** जिसमें पारदर्शिता, सरलता व ईमानदारी है, जिस तक हर व्यक्ति की सीधी पहुंच है। **पिछले 9 वर्षों से चलाए जा रहे इस अभियान के अब सुखद परिणाम सामने आ रहे हैं। अब सरकार और नागरिक के बीच कोई बिचौलिया नहीं है। आज व्यवस्था परिवर्तन के फलस्वरूप नागरिक घर बैठे विभिन्न सरकारी सेवाओं का लाभ उठा रहे हैं।** उन्होंने कहा कि आज के **संवाद में विभिन्न**




# साप्ताहिक सूचना पत्र

**योजनाओं का लाभ प्राप्त करने वाले लाभार्थियों को सेवा पाने में कोई दिक्कत हुई हो तो मुझे बताएं। इससे पता चलेगा कि सिस्टम में सुधार हुआ है अथवा अभी भी कोई कमी बची है।**

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि भ्रष्टाचार पर रोक के लिए नियम व कानून बने हैं, उनके तहत दंड भी तय किया गया है, लेकिन दंड व भय से कोई व्यक्ति तो ठीक हो सकता है, लेकिन सिस्टम ठीक नहीं हो सकता। इसी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए राज्य सरकार ने मिशन कर्मयोगी हरियाणा चलाया है। इसके तहत प्रदेश के 3 लाख कर्मचारियों के नैतिक प्रशिक्षण का लक्ष्य रखा गया है। यदि हम नैतिक रूप से सुदृढ़ होंगे तो अपने कर्तव्य पालन में कोताही नहीं बरतेंगे। **जब मैं मुख्यमंत्री नहीं था और समाज सेवा के काम में लगा था, तभी मैंने महसूस किया था कि सरकारी सिस्टम में ऐसी कमियां हैं, जिनके कारण आम आदमी को किसी योजना अथवा सेवा का पात्र होते हुए भी सरकारी कार्यालयों के बार–बार चक्कर काटने पड़ते थे। इस बात को लेकर मन में बड़ी टीस थी। इसलिए वर्ष 2014 में जनसेवा का दायित्व संभालते ही हमने सबसे पहले सिस्टम को ठीक कर लोगों को सेवाओं व योजनाओं का लाभ सरलता से पहुंचाने का बीड़ा उठाया था।**

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हमारी सरकार ने परिवार पहचान पत्र बनाकर नागरिक और सरकार दोनों के बीच सेतु का काम किया है। इस एक दस्तावेज के साथ **हम सभी योजनाओं एवं सेवाओं को जोड़ते जा रहे हैं। परिवार पहचान पत्र से ही अब जन्म–मृत्यु का डेटा ऑटो अपडेट हो जाता है।** युवाओं की शिक्षा, कौशल व बेरोजगारी का डेटा भी इसके पोर्टल पर डाला गया है। इससे प्रदेश के सभी परिवारों की आर्थिक एवं शैक्षणिक स्थिति का पता भी चलता है। ये सभी ऐसे तथ्य हैं, जो सरकारी योजनाओं व सेवाओं की पात्रता तय करने के लिए

# साप्ताहिक सूचना पत्र




आवश्यक हैं। इसका परिणाम यह है कि अब लोगों को विभिन्न योजनाओं के लिए आवेदन तक नहीं करने पड़ते। सरकार स्वयं उनकी पात्रता को जानकर उन्हें घर बैठे लाभ प्रदान कर रही है। **वृद्धावस्था सम्मान भत्ता, दिव्यांग पेंशन, चिरायु कार्ड, बी.पी.एल. कार्ड आदि इसके उदाहरण हैं।**

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज उन लाभार्थियों के साथ भी संवाद हुआ है, जिन्होंने पिछले दिनों अपनी जमीन, मकान व अन्य संपत्ति की रजिस्ट्री करवाई है। **मुझे विश्वास है कि आपको रजिस्ट्री करवाने में कोई परेशानी नहीं आई होगी।** हमने नागरिकों के समय की बचत के लिए ई–पंजीकरण प्रणाली शुरू की। अब रजिस्ट्री के लिए कोई भी व्यक्ति पहले ही अपॉइंटमेंट ले सकता है और उस जिले की किसी भी तहसील में रजिस्ट्री करवा सकता है।


माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जब

# साप्ताहिक सूचना पत्र

हमने प्रॉपर्टी आई.डी. बनाना शुरू किया तो लोगों को कुछ परेशानी हुई थी। हमने विशेष कैंप लगाकर लोगों की प्रॉपर्टी आई.डी. ठीक करने का काम किया। अब विशिष्ट आई.डी. बन जाने से आपकी संपत्ति पूरी तरह सुरक्षित हो गई है। अब कोई भी किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी करके आपकी संपत्ति को अपने नाम नहीं करवा सकेगा।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अपना मकान बनाने वाले उन सभी लाभार्थियों को बधाई दी। नागरिकों को मिले पक्के मकान इस विश्वास को मजबूत करते हैं कि सही नीयत से बनाई गई सरकारी योजनाएं साकार होती हैं और उनके असली हकदार लाभार्थियों तक पहुंचती भी हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गांवों व शहरों में 61 हजार मकान दिए गए हैं। इस योजना में हमने करीब 97 हजार मकान बनवाने का लक्ष्य रखा है।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने आगे बताया



कि लोगों को बिजली के कामर्शियल कनेक्शन के लिए परेशान होना पड़ता था। अब कनेक्शन ऑनलाइन कर दिए हैं। इससे लोगों को राहत मिली है। इसी तरह से विवाह पंजीकरण भी ऑनलाइन किए जाने से लोगों की दिक्कत दूर हुई है। राइट टू सर्विस कमिशन सेवा से भी लोगों को सुविधा मिली है।